तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024




पीएम मोदी ने देश के विकास के लिए जो कार्य किया... 11



जनता की भलाई के लिए सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही... 12



## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव आज

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखंड क्षेत्र में 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव प्रकट्योत्सव धूमधाम के साथ मनाई जायेगी। जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी किया जा रहा है। मैनपुर नगर के बस स्टैण्ड स्थित हनुमान मंदिर में श्री रामसेना हिन्दु संगठन द्वारा विशेष पूजा अर्चना के साथ हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा। जिसके लिए जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है। वहीं मैनपुर क्षेत्र के ग्राम हरदीभाठा से हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली जायेगी। वहीं भाठीगढ़, नहानबिरी, देहारगुड़ा, गौरघाट, जाड़ापदर, जिड़ार, बुढ़ार, कुल्हाड़ीघाट, इंदागांव, तौरेंगा, जरहीडीह, शोभा, कोयबा, गरहाडीह, कोकड़ी सहित पूरे क्षेत्र के ग्रामों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाने तैयारी किया जा रहा है।



### सांप के डसने से तीन साल के बच्चे की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम केंदुढ़ार में सांप के काटने से तीन साल के बच्चे की मौत हो जाने के मामले में रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार सिमरण राणा पिता गोपाल राणा (3) निवासी ग्राम केंदुढार को सांप ने काट लिया था। परिवार के लोग बच्ची को शासकीय अस्पताल सरायपाली इलाज के लिए ले गए, यहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मौत होना जाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

### लू लगने से एक व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली में लू लगने से एक व्यक्ति की मौत हो जाने घटना सामने आया है। सूचना के अनुशार झिलमिला निवासी राजेश नंद ने पुलिस को बताया कि धर्मदेव प्रसाद पिता जगदेव प्रसाद 80 साल निवासी मिर्जापुर थाना रघुनाथपुर जिला सिवान बिहार हाल मुकाम झिलमिला सब्जी का धंधा करता था। उसे 3-4 दिन पूर्व से लू लगा था, जिसके कारण रविवार करीब रात 7 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### युवक से मारपीट, आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंधुपाली में मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी विनोद साहू पिता राजेंद्र साहू (24) ने पुलिस को बताया कि आरोपी चंद्रशेखर बरिहा, कृष्णा कुमार साहू, रेखराम बरिहा, चंद्रमणि निषाद व उनके अन्य साथियों ने मिलकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### लभराखुर्द में दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** लभरा खुर्द में दो पक्षों के बीच मारपीट में पुलिस ने रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज किया है। पहले पक्ष के प्रार्थी सत्यनारायण ध्रुव पिता महेश ध्रुव ने पुलिस को बताया कि आरोपी ओमप्रकाश यादव, होमेश यादव, तमेश्वर, संतराम लभरा खुर्द ने उसके साथ बेवजह गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह दूसरे पक्ष के होमेश यादव (25) ने पुलिस को बताया कि आरोपी सत्यनारायण ध्रुव और महेश ध्रुव ने उसके पिता का नाम लेकर गाली गलौज शुरू कर दिया, जिसे मना करने पर हाथ-मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# दिव्यांग एवं 85 प्लस मतदाताओं को मतदान दिवस को मिलेगी नि:शुल्क परिवहन सुविधा

## प्रत्येक जनपद पंचायत में दो-दो मतदान रथ, 10 मतदान रथ किया जा रहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र पहुंचने सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर प्रत्येक जनपद पंचायत में दो-दो मतदान रथ तथा प्रत्येक नगरीय निकायों में एक-एक इस प्रकार कुल 15 मतदान रथ रवाना किया जाएगा। मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर लिया गया है। तथा उनके मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उसके आवास स्थल तक पहुंचाने नि:शुल्क परिवहन सुविधा की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिले में 6 हजार 310 दिव्यांग मतदाता, वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) आयु वर्ग के 1453 मतदाता है। ऐसे मतदान केन्द्र को चिन्हांकित किया गया है। जहां इन वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) और दिव्यांग मतदाताओं को नि:शुल्क परिवहन सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन को वरिष्ठ नागरिक/दिव्यांग मतदाता रथ का नाम दिया गया है। जिसका हेल्पलाईन नम्बर - 1950 है। इसके अलावा सक्षम एप्प के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस पर दिए जाने वाली नि:शुल्क परिवहन सुविधा के लिए उप संचालक समाज कल्याण विभाग नोडल अधिकारी बनाया गया है।




### मतदान केंद्रों में दिव्यांगजन के लिए रहेगी विशेष सुविधा

जिले के सभी मतदान केन्द्रों में दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) के लिए विशेष इंतजाम किया गया है। मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए सभी मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर भी रखा गया है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि आयोग के निर्देश पर यह व्यवस्था की जा रही है। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मुख्य मार्ग से मतदान केन्द्र और मतदान केन्द्र से अंदर जाने के लिए व्हील चेयर व्यवस्था कर ली गई है। सभी श्रेणियों के मतदाताओं से मतदान करने की अपील जिला निर्वाचन अधिकारी गरियाबंद ने की है।




## समस्या : गार्डन नहीं होने के कारण लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर

# पालिका बने सालों बीता, नगरवासी आज भी गार्डन के लिए हैं मोहताज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

गरियाबंद को नगर पालिका का दर्जा मिले सालों हो गया है। लेकिन आज भी नगरवासी एक सर्व सुविधा उपलब्ध गोर्डन के लिए मोहताज है। नगर में एक वृहद गार्डन नहीं होने से नगरवासी परिवार के साथ घूमने फिरने के लिए भी बाहर नहीं निकल सकते। नगर की महिलाएं गार्डन की कमी सबसे ज्यादा महसूस करती है। गार्डन नहीं होने के कारण घरों में दुबके रहने को मजबूर है। नगर में सांई मंदिर के पास छोटे से जगह पर सांई गार्डन हैं। लेकिन वह भी अपने अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है, गॉर्डन में पर्याप्त साफ-सफाई का अभाव है। ज्ञात हो कि सांई मंदिर के गार्डन स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा बनाया गया था। जिसके पुर्निर्माण के लिए दोबार टेण्डर होने के बाद भी कई महिनों से निर्माण कार्य बंद है। इसी गार्डन पर हमर गरियाबंद बोर्ड लगा हुआ है, वह भी बंद है।

नगर में आबोहवा परिवर्तन एवं बच्चों के लिए खेलकूद एवं मनोरंजन के लिए एक मात्र सांई गार्डन एक महत्वपूर्ण स्थल है इसकी चर्चा लाजिमी है। वैसे नगर के विस्तार एवं आकार के अनुसार और भी प्रिंस क्लब सिविल लाईन गार्डन, गांधी मैदान है। जहां नगर पालिका की निष्क्रियता के चलते अवस्थाओं से जूझ रहा है। सांई गार्डन में प्रवेश करते ही कुछ एक स्थानों ऐसे तस्वीर दिखने प्रारंभ हो गए है जो चिंता में डालते हुए प्रतीत होते है। मसलन टूटी कुर्सियां बच्चों के खेल संसाधन खराब हो गए है। वहीं डस्टबीन एवं कचरे की स्थिति में आ गया है। सांई गार्डन पहले क्यारीनुमा बगीचा घुमने एवं बैठने का शीतल स्थान प्रतीत होता था। लेकिन वर्तमान में उजड़ा चमन नजर आ रहा है जो कि नगर पालिका प्रशासन की निष्क्रियता को दर्शाता है।





### चार वर्ष में पांच सीएमओ बदले

स्थानीय नगर पालिका विगत चार वर्ष के कार्यकाल में पांच सीएमओ बदल गए। इस तरह अधिकारियों के स्थानान्तरण में नगर के विकास बाधा आ रही है, नगर का विकास कार्य योजना बना कर नहीं किया जा रहा है। गांधी मैदान को धरना प्रदर्शन व पार्किंग स्थल बना दियाा गया है। नगर में चैपाटी का निर्माण किया जाना था वह भी अधूरा है। साप्ताहिक बाजार के लिए अभी सही स्थल का चयन नहीं हो पाया है।

# मानस मंदिर, महादेव घाट सहित मंदिरों में हनुमान जयंती आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर के बजरंग चौक, मानस मंदिर, महादेव घाट सहित विभिन्न मंदिरों में हनुमान जयंती 23 को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। सुबह रामायण पाठ, यज्ञ हवन, भंडारा का आयोजन किया जाएगा। नगर के बजरंग चौक में युवाओं द्वारा नरेंद्र पटेल, शीतल ध्रुव सहित चौक के विभिन्न व्यवसायी के द्वारा सुबह से ही बजरंग चौक में पूजा अर्चना एवं रामधुनी पाठ के साथ भंडारा का कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें सभी लोग पर चढ़कर भाग लेंगे। इसी तरह नगर के मानस मंदिर में भी विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। गरियाबंद रोड के छुही नाला के पास मंदिर में प्रदीप गुप्ता एवं परिवार द्वारा विशेष पूजा अर्चना का भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। ग्राम डांगन बाय में माधव साहू द्वारा सुबह पूजा कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी तरह ग्राम कसही बाहरा के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। पुजारी ने बताया कि 22 तारीख शाम को ही पूजा प्रारंभ की जाएगी जो 23 को दिन भर चलेगी। मंदिर के पुजारी माधव प्रसाद पांडे ,अध्यक्ष प्रेम कुमार, सचिव यादराम, आजीवन संरक्षक अंकित गोलछा सहित ग्रामीण पर चढ़कर भाग लेंगे। इसके अलावा गांव-गांव में भी हनुमान जयंती के अवसर पर पूजा अर्चना के साथ रामायण पाठ एवं भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। पूरा क्षेत्र भक्ति में वातावरण से सरोबार रहेगा।



### नगर सहित अंचल में हनुमान जयंती आज

**फिंगेश्वर।** नगर सहित अंचल में हनुमान जयंती 23 अप्रैल को मनाई जायेगी। मंदिरों में हनुमान जी को चोला चलाकर भजन किर्तन के साथ सुंदरकांड एवं हनुमान चालिसा एवं यज्ञ हवन कर पूर्णाहूति दी जावेगी। इसी कड़ी मे साईहनुमंत शनि मंदिर, समता कल्ब, वार्ड नंबर 13 मे उद्यान के सामने आदि स्थानों पर हनुमान जंयती मनाई जावेगी।

## फिल्म अभिनेता प्रकाश अवस्थी भाजपा में शामिल ...



नवापारा-राजिम। छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता प्रकाश अवस्थी सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल की मौजूदगी में पार्टीमें शामिल हुए। अभिनेता श्री अवस्थी का केसरिया गमछा ओढ़ाकर सम्मान किया गया है। मालूम हो कि पिछले दस वर्षो से श्री अवस्थी भारतीय जनता पार्टी के प्रचार, प्रसार में लगे हुए है। पार्टी में शामिल होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### युवकों ने कुत्तों के झुंड से हिरण को बचाया, विभाग को किया सुपुर्द

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के रिसगांव वन परिक्षेत्र में सोमवार सुबह जंगल की तरफ से आवारा कुत्तो के झुंड ने एक हिरण को दौड़ाते गांव के तरफ लाया ग्रामीणों की नजर जैसे ही हिरण पर पड़ी ग्रामीणों ने आवारा कुत्तों के झुंड से हिरण को बचाया और इसकी सूचना वन विभाग को दिया गया। डॉक्टर से परीक्षण कराने के बाद ⏭ शेष पेज 10 पर



## आलू 25 और टमाटर 40 रूपए किलो पर पहुंचा



**रसेला।** विगत एक सप्ताह से तेज गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। गर्मी बढ़ने का असर सब्जियों के दामों पर भी पड़ रहा है। झुलसन और सड़न जल्दी आने से सब्जियों के दाम बढ़ गया है। गर्मियों में सस्ती बिकने वाली तोरई, भिंडी, लौकी, करेला जैसी सब्जियों के दाम भी बढ़ गए है। इधर आवक भी कम है। भंडारण की पर्याप्त सुविधा न होने के कारण सब्जियों जल्द खराब हो जाती ⏭ शेष पेज 10 पर

# चिरौंजी गुठली के समर्थन मूल्य में वृद्धि होने से संग्राहकों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

चिरौंजी गुठली संग्रहण सीजन 2024 अंतर्गत गरियाबंद वनमंडल को कुल 6000 क्विंटल संग्रहण का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ है। संग्रहण लक्ष्य प्राप्ति हेतु वनमंडल के द्वारा पूरे जिले में 30 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से संग्रहण केन्द्र स्थापित किया गया है । पूर्व में चिरौंजी गुठली की दर ग्रेड-1 का दर 126 रूपये एवं ग्रेड-2 का दर 115 रूपये प्रति किग्रा निर्धारित किया गया था। गरियाबंद वनमंडल के भौगोलिक क्षेत्रों में बे-मौसम बारिश से चिरौंजी गुठली के फसल का भारी नुकसान होने के कारण चिरौंजी गुठली का उत्पादन घटा है, जिससे स्थानीय बाजार दर में वृद्धि हुई है। वनमंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह के निर्देशानुसार एवं अतुल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पूरे जिले में प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से संग्राहकों से ⏭ शेष पेज 10 पर



## जगह-जगह हनुमान चालीसा और संगीतमय रामायण पाठ

# हनुमान प्राकटयोत्सव आज, निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

हनुमान महाराज का प्राकटयोत्सव 23 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर के सभी हनुमान के मंदिरों में जन्मोत्सव को लेकर जोरदार तैयारियां की गई है। बजरंग दल के मुकुंद मेश्राम ने बताया कि बजरंग दल व सर्व हिन्दु समाज द्वारा आज शाम 4 बजे विशाल शोभायात्रा श्री नरसिंगनाथ अखाड़ा शीतलापारा से निकाली जाएगी। शोभायात्रा निकालने के पूर्व यहां सुबह 10 बजे हनुमान चालीसा का पाठ होगा।मंदिर पहुंचने वाले सभी हनुमान भक्तों को प्रसादी वितरण किया जाएगा। शाम को श्रीनरसिंगनाथ मंदिर से नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो शीतला पारा से काली मंदिर, सुभाष चौक, बस स्टैण्ड, कुम्हार पारा, सदर मार्ग, चांदी चौक, इंदिरा मार्केट नेहरू गार्डन, महावीर चौक, पंजवानी चौक, लाल चौक, कृषि उपज मंडी, गंज मार्ग से होते हुए वापस नरसिंगनाथ मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में बजरंग दल सहित शहर के युवा वर्ग, हर्ष और उल्लास के साथ शामिल रहेंगे। इस अवसर पर युवा समूह मशाल हाथों में लेकर शौर्य का प्रदर्शन करेंगे। भगवान श्रीरामचंद्र, हनुमान महाराज को रथ में बिठाकर झांकी निकाली जाएगी।शोभायात्रा के दौरान पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था देखने को मिलेगी। पूरा शहर भगवा रंग के तोरन-पताकों, ध्वज से सजा हुआ है जो काफी आकर्षक लग रहा है।

श्री सालासर सुन्दरकाण्ड जनकल्याण समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी जोर शोर से की गई है। यह जानकारी देते हुए राजू काबरा, धरम साहू, तारणी शर्मा, आरती काबरा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव को लेकर सदस्यों एवं हनुमान भक्तों में विशेष खुशी, उमंग, उत्साह का माहौल है। राधाकृष्ण मंदिर में यह पर्व मनाया जाएगा।मंदिर ट्रस्ट के सर्वराकार मोहनलाल अग्रवाल, ट्रस्टी गोपाल ,गिरधारी अग्रवाल भी ⏭ शेष पेज 10 पर

### सिंदूर का चोला चढ़ा कर विशेष श्रृंगार



बस स्टैण्ड स्थित शर्मा भोजनालय के सार्वजनिक हनुमान मंदिर में बहुत ही धूमधाम के साथ पूजा, अर्चना, अभिषेक का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी देते हुए संजय शर्माने बताया कि सुबह 7.30 बजे पं कन्हैया तिवारी के मंत्रोच्चरण के बीच पूजा शुरू होगी। चोला चढ़ाया जाएगा। उसके बाद सुंदरकांड का पाठ होगा। 11 बजे से शाम 5 बजे तक महाभंडारा का आयोजन किया गया है। खोलीपारा के हनुमान मंदिर में दोपहर 12 बजे पंडित पद्धुम पाण्डेय के मंत्रोच्चारण के बीच धूमधाम से पूजा अर्चना की जाएगी। शहर में जगह-जगह हनुमान जी के सभी मंदिरों में सुबह से देर रात तक भजन, हनुमान चालीसा और संगीतमय रामायण चलेगा।कथा, हवन, अनुष्ठान, अभिषेक, रामायण, महाआरती व सुंदरकांड का पाठ होगा। हनुमान जी की प्रतिमा में सिंदूर का चोला चढ़ा कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

### प्रशासन ने बाल विवाह की तैयारी को रूकवाया

**गरियाबंद।** जेल में बंद (बंदी) पिता ने किसी के माध्यम से पता चलने पर घर में चल रही बाल विवाह करने की तैयारी को लेकर जेलर को सूचना दी। इस पर जेल प्रशासन ने सिटी कोतवाली के माध्यम से जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों द्वारा उनके घर में चल रही बाल विवाह करने की तैयारी को रूकवाया। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम में 15 अप्रैल को बाल विवाह करने की तैयारी एक घर में चल रही है। जिला प्रशासन के दिशा ⏭ शेष पेज 10 पर


पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# राजभवन में पीएम मोदी का रात्रि विश्राम, पांच लेयर में रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री इस दिन राजभवन में रात्रि विश्राम करने के बाद दूसरे दिन सरगुजा जाएंगे। प्रधानमंत्री के रात्रि विश्राम को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की तैयारी तेज कर दी है। राजभवन के आसपास बैरिकेड्स लगाए जा रहे हैं। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए पांच से छह लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। साथ ही एसपीजी के जवान प्रधानमंत्री की सुरक्षा में अलग से तैनात रहेंगे।

एसएसपी के मुताबिक प्रधानमंत्री के राजभवन में रात रुकने पर यहां मार्ग को सील कर दिया जाएगा। साथ ही वैकल्पिक मार्ग के लिए रुट डायवर्ट किया जाएगा। राजभवन के अलावा आसपास के एरिया को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सभी होटल, धर्मशाला तथा लॉज में आने वाले विजिटर्स की पुलिस ने जानकारी मंगाई है। साथ ही शहर के एंट्री पाइंट की निगरानी बढ़ाने एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।

**ड्रोन के लिए नो फ्लाइंग जोन :** पुलिस अफसर के मुताबिक प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए राजभवन तथा आसपास के एरिया को सेनेटाइज कर किलेबंदी की जा रही है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए जमीन से लेकर आकाश तक निगरानी व्यवस्था की जाएगी। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए राजभवन के तीन किमी. के रेडियस को ड्रोन के लिए नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। उस दिन इस क्षेत्र में कोई ड्रोन नहीं उड़ा सकता।

**खास बातें**

- राजभवन के रेडियस में 3 किमी एरिया तक ड्रोन उड़ाने पर रोक
- प्रधानमंत्री के प्रवास को देखते हुए एयरपोर्ट जाने वालों के लिए दो घंटे पहले पहुंचने की एडवाइजरी



### फोर्स का डिप्लायमेंट

अफसर के अनुसार प्रधानमंत्री के रायपुर प्रवास होने के बाद उनके एयरपोर्ट से राजभवन पहुंचने के मार्ग में पुलिस फोर्स का एक्स्ट्रा डिप्लायमेंट किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री के राजभवन पहुंचने के मार्ग में लोगों की आवाजाही पर रोक रहेगी। लोगों को परेशानी से बचाने रुट डायवर्ट किया जाएगा।

### ट्रैवल्स एडवाइजरी जारी करेगी पुलिस

पुलिस अफसर के मुताबिक प्रधानमंत्री के प्रवास को देखते हुए हवाई मार्ग से सफर करने वाले लोगों को सुबह तथा रात के समय फ्लाइट पकड़ने परेशानी से बचने दो घंटे पहले घर से निकलने की सलाह दी गई है। प्रधानमंत्री एयरपोर्ट से जिस रुट से निकलेंगे। उस समय उस मार्ग को बंद कर दिया जाएगा। साथ ही एयरपोर्ट पहुंचने के लिए रुट डायवर्ट किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 34 पौवा देशी शराब जब्त धरा गया कोचिया

**रायपुर।** असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उरला पुलिस ने देशी शराब की अवैध बिक्री के आरोप में बजरंग नगर बीरगांव निवासी कालिया राउत को गिरफ्तार किया है। आरोपी क्षेत्र का पुराना बदमाश है, उसके खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हैं। जांच के दौरान उसके पास से 34 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की गई है। आरोपी पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### अज्ञात बाइक सवारों ने किया चाकू से वार

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र में अज्ञात बाइक सवारों ने साइंटिफिक किताबों के सप्लायर पर चाकू से हमला किया और मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, बीती रात 8.45 बजे समता कॉलोनी में इमरान उमरानी पर बाइक सवार अज्ञात युवकों ने नुकीली चीज से वार किया और मौके से फरार हो गए। इमरान ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास का सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही है।

### थाने में हंगामा-तोड़फोड़ दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** मुजगहन थाने में हंगामा एवं तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा आसकरण गिलहरे निवासी अभनपुर को अवैध रूप से शराब बिक्री के आरोप में पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। इसी दौरान रात्रि 11.55 बजे आसकरण गिलहरे के अन्य साथी सोनू पाल, राजा, कमल नारंग, सोनू कोसले, इंद्र कुमार गायकवाड़, मिथुन, राहुल गिलहरे, विजय गिलहरे, मोनू तारक, शेष राज गोंड व अन्य साथियों द्वारा थाने पहुंचकर हंगामा किया गया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी एवं उपस्थित पुलिस बल से झूमाझटकी की गई एवं थाना परिसर में रखे गमलों में तोड़फोड़ करते हुए थाने के मेनगेट में लगी स्टील की रेलिंग एवं टेबल कुर्सी को तोड़फोड़ कर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। दो आरोपियों आसकरण और इंद्रकुमार को गिरफ्तार किया गया।

### चौबे कॉलोनी-सड्डू में निशुल्क समर कैंप 1 मई से

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्व शांति भवन चौबे कॉलोनी में 1 मई से एवं शांति सरोवर सड्डू में 2 से 12 मई तक समर कैंप आयोजित किया जाएगा। प्रवेश निशुल्क रखा गया है। शिविर के लिए पंजीयन फार्म चौबे कॉलोनी स्थित सेवाकेंद्र में निशुल्क उपलब्ध हैं। इसके अलावा टेलीफोन के माध्यम से भी पंजीयन कराया जा सकता है। समर कैंप का शुभारंभ आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव, कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी संयुक्त रूप से करेंगी।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरों ने की पार

**रायपुर।** ऑफिस से दोपहर लंच पर घर गए युवक की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। गोपियापारा दंतेश्वरी चौक निवासी मनीष यादव ने पुरानी बस्ती थाने में शिकायत की है कि चार दिन पहले उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। खाना खाने के बाद जब वह वापस ड्यूटी पर जाने बाहर निकला तो बाइक गायब थी।

## लोकसभा चुनाव सहित बैठक व्यवस्था संबंधित कारणों से बदली गई हैं तारीखें

# रविवि ने बदले इतने टाइम-टेबल... थोक में छात्रों के पर्चे छूटे, प्रबंधन बोला- रहें अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि के परीक्षा संबंधित बदलावों के कारण छात्र हलाकान हो गए है। कई छात्रों की परीक्षाएं इस कारण छूट चुकी हैं तो कई छात्र निर्धारित समय से विलंब से परीक्षा दिलाने केंद्रों में पहुंचे रहे। इसके कारण परीक्षा में छात्रों का प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। उन्हें परीक्षा में फेल होने का डर सता रहा है। कई विद्यार्थी अवसाद में है। रविवि ने कई विषयों की परीक्षाओं में दो से तीन बार बदलाव किया है। इसमें लोकसभा चुनाव से लेकर महाविद्यालयों में बैठक व्यवस्था संबंधित कारण शामिल है।

- तारीखों के अलावा समय में भी बदलाव कर चुका है रविवि

हरिभूमि खास

इसके अलावा रविवि ने बाद समय परिवर्तन भी किया। दोपहर एक बजे होने वाली परीक्षा का समय बदलकर 12.30 कर दिया गया। इस कारण शुरुआती पर्चों में छात्र आधे घंटे देर से पहुंचे। हालांकि अधिकतर महाविद्यालय प्रबंधन ने मानवीयता दिखाते हुए छात्रों को परीक्षा में बैठने दिया, लेकिन लिखने के लिए आधे घंटे का कम समय मिलने के कारण कई सवाल छूट गए। शिकायत करने पर छात्रों को अपडेट रहने की सलाह दी जा रही है।

**केस 1**

*राजधानी की एक नियमित छात्रा का सेंटर कालीबाड़ी स्थित महाविद्यालय था। बीकॉम द्वितीय वर्ष के अंतर्गत कॉस्ट अकाउंटिंग की परीक्षा पूर्व में 3 अप्रैल को ली जानी निर्धारित थी, लेकिन परीक्षाएं 2 अप्रैल को हो गई। छात्रा को इसकी जानकारी 2 अप्रैल को परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व हुई। परीक्षा समाप्त होने के 45 मिनट पूर्व वह महाविद्यालय पहुंची, लेकिन नियमतः छात्रा को परीक्षा दिलाने की अनुमति नहीं मिली। छात्रा ने परीक्षा छूटने की जानकारी अपने परिवार को नहीं दी है और अभी डिप्रेशन में है।*

**केस 2**

*बीकॉम द्वितीय वर्ष के ही अंतर्गत प्रिंसिपल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की परीक्षाएं 8 अप्रैल को ली जानी थी, बाद में इस परीक्षा के लिए 6 अप्रैल की तारीख तय की गई। नियमित छात्रों को महाविद्यालय प्रबंधन के जरिए इसकी जानकारी मिल गई, लेकिन प्राइवेट छात्रों को इसकी सूचना नहीं मिल पाई। थोक में ऐसे छात्र रहे, जो 6 अप्रैल की जगह 8 अप्रैल को परीक्षा दिलाने पहुंचे।*

**केस 3**

*लगभग दो दर्जन छात्र परीक्षा छूटने संबंधित अपनी शिकायत लेकर रविवि पहुंचे। कुछ छात्रों ने कॉलेजों में भी अपनी शिकायत दर्ज करवाई है। ऐसे में छात्रों को प्रबंधन का जवाब था कि वे बदलाव और परीक्षा संबंधित सूचनाओं को लेकर अपडेट रहें। किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने अथवा कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्र साल बर्बाद होने को लेकर चिंतित हैं।*



### बोनस का प्रावधान नहीं, विलोपित होंगे सवाल

समय-सारिणी में परिवर्तन के अतिरिक्त प्रश्नपत्रों में हुई गलतियों ने भी इस बार छात्रों को परेशान किया। जानकारों के अनुसार, ऑर्डिनेंस में बोनस अंकों का प्रावधान नहीं है। ऐसे में गलत पाए गए सवाल विलोपित होंगे। इसके पश्चात शेष सवालों और उनके उत्तर से छात्रों का मूल्यांकन किया जाएगा। बीकॉम, बीबीए तथा हिंदी जैसे बड़ी छात्र संख्या वाले विषयों में भी रविवि द्वारा इस बार त्रुटि हुई है। इस संदर्भ में छात्रों द्वारा कई बार विवि प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन रविवि ने अभी तक प्रश्नों के विलोपन के संदर्भ में कोई निर्णय नहीं लिया है। इसे लेकर भी छात्रों का एक बड़ा वर्ग परेशान है।

### प्रस्तावित समय-सारिणी को लेकर लापरवाही

रविवि द्वारा अंतिम समय-सारिणी तैयार किए जाने के पूर्व प्रस्तावित समय-सारिणी तैयार की जाती है। इस टाइम-टेबल को संबंधित महाविद्यालयों को भेजा जाता है। किसी तरह की त्रुटि होने पर महाविद्यालय प्रशासन को इसकी सूचना रविवि को देनी होती है। त्रुटि सहित अन्य दिक्कतें होने पर भी रविवि को सूचित करना होता है। इस आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम समय-सारिणी रविवि द्वारा तैयार की जाती है। प्रस्तावित समय-सारिणी इस बार वायरल हो गई। कई छात्रों ने प्रस्तावित और अंतिम में फर्क नहीं कर पाए और प्रपोस्ड टाइम-टेबल के अनुसार ही वे परीक्षा दिलाने पहुंचे रहे। इसे लेकर भी सतर्कता नहीं बरती गई।

## 17 साल पुरानी लांड्री मशीन में धुलाई से फट रहीं चादरें नई मशीन चुनाव के बाद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पिछले सत्रह साल से लगातार आंबेडकर अस्पताल के उपयोग में लाई जा रही लांड्री मशीन में धोने से चादरें फट रही हैं, इसे देखते हुए नई मशीन खरीदने की तैयारी की गई है। लगभग 25 लाख रुपए की लागत से इस मशीन की खरीदी के लिए आचार संहिता के बाद टेंडर किया जाएगा।

- आचार संहिता हटते ही आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन करेगा टेंडर

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने अपने बजट में आंबेडकर अस्पताल की छोटी-मोटी जरूरतों को पूरी करने के लिए राशि स्वीकृत की थी, जिसमें लांड्री मशीन की खरीदी भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल में मौजूद बेड की चादरें, चिकित्सकों तथा अन्य स्टाफ की वर्दी तथा कार्यालयों में उपयोग किए जाने वाले कपड़े धोने के लिए जिस मशीन का उपयोग होता है, वह काफी पुरानी है। लगातार काम करने की वजह से उसके मोटर में आए दिन खराबी आने लगी है। साथ ही इसमें धुलने वाले कपड़ों की लाइफ में कमी आने की शिकायत भी मिल रही है। चिकित्सा अधीक्षक एसबीएस नेताम के अनुसार मशीन खरीदी के लिए प्रक्रिया पूरी की जा रही है और आचार संहिता समाप्त होने के बाद टेंडर के माध्यम से नई मशीन की खरीदी की जाएगी।

# शहर में राहगीरों के लिए न छांव और न प्यास बुझाने ठंडा पानी, वॉटर एटीएम अब तक बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहर में तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप ने जहां शहरवासियों को बेचैन कर दिया है, वहीं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों और आउटर की कॉलोनियों से कामकाज के सिलसिले में आने-जाने वालों की परेशानी ये है कि पब्लिक प्लेस के रास्ते में न धूप से बचने छांव का ठिकाना है और न सूखे कंठ को तर कर ठंडे पानी का इंतजाम। हैरानी की बात ये है कि अप्रैल का अंतिम सप्ताह शुरू होने को है, पर निगम प्रशासन इस बार शहर में प्याऊ घर की व्यवस्था अब तक नहीं कर पाया। नगर निगम द्वारा शहर के 15 जगहों पर लगाई गई वाटर एटीएम मशीन सालों से बंद पड़ी है, जिसकी मरम्मत और संचालन के लिए टेंडर के माध्यम से एजेंसी तय की गई, पर वर्कआर्डर प्रोसेस में है। राजधानी में तेज गर्मी और गर्म हवाओं से राहत देने के मामले में निगम प्रशासन चूक रहा है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, गोलबाजार, शास्त्री बाजार, सदरबाजार, मालवीय रोड सहित जोन दफ्तरों के आसपास अब तक प्याऊ




घर शुरू नहीं हो पाए हैं। जबकि हर साल गर्मी के दिनों में स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक-धार्मिक संगठनों के साथ समन्वय कर गरीब व मध्यम परिवार को राहत देने नगर निगम प्याऊ घर की व्यवस्था करता है। इस बार निगम मुख्यालय से आयुक्त के आदेश के बाद भी शहर में गिनती के जगहों पर प्याऊ घर खुल पाए हैं, जो कि शहर की बसाहट और फ्लोटिंग पीपुल की संख्या के हिसाब से बेहद कम हैं।

### प्रोसेस में है वर्कआर्डर

15 लोकेशन पर बंद पड़ी वाटर एटीएम की मरम्मत कर इसके संचालन के लिए एजेंसी तय हो गई है। वर्कआर्डर प्रोसेस में है।

- **राजेश शर्मा,** अधीक्षण अभियंता, ननि रायपुर

### तीन जगह खोलेंगे प्याऊघर

पचपेड़ीनाका चौक, भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड समेत एक अन्य जगह पर प्याऊघर खोलेंगे, अभी प्याऊ घर खोले नहीं गए हैं।

- **रमेश जायसवाल,** कमिश्नर, जोन-6

### चार स्थानों पर प्रस्तावित

जोन-2 क्षेत्र में आंबेडकर अस्पताल के सामने प्याऊ घर खुल गया है। देवेंद्र नगर ओवरब्रिज के पास, जयस्तंभ चौक और रेलवे स्टेशन के बाहर स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से प्याऊ घर खोलना प्रस्तावित है।

- **आरके डोंगरे,** कमिश्नर, जोन-2

### दिए हैं निर्देश

सभी जोन अधिकारियों को पब्लिक प्लेस में जगह चिन्हांकित कर स्वयं के संसाधन अथवा एनजीओ के सहयोग से प्याऊ घर खोलने हेड आफिस से निर्देश जारी किए गए हैं।

- **विनोद पांडे,** अपर आयुक्त, ननि रायपुर

**शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजेगा निगम**

# गजराजबांधा तालाब का होगा सौंदर्यीकरण भूजल स्तर रीचार्ज करने लगाएंगे सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के बोरियाखुर्द स्थित शहर प्राचीन गजराजबांधा तालाब के भूजल स्तर को रीचार्ज करने सिस्टम लगाया जाएगा। तालाब की सफाई, गहरीकरण, सौंदर्यीकरण के साथ ही आसपास प्रकाश की व्यवस्था करने प्रस्ताव बनाकर नगर निगम राज्य शासन को भेजेगा। वार्ड पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर के साथ स्थानीय रहवासियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री से मुलाकात कर राज्य शासन का ध्यान गजराजबांधा तालाब के संरक्षण की ओर दिलाया। इस संबंध में राज्य शासन ने नगर निगम के माध्यम से प्रस्ताव मंगाया है।

- 125 एकड़ में फैला तालाब, 5 गांवों की निस्तारी का स्रोत

नगर निगम जोन-10 क्षेत्र में शामिल बोरियाखुर्द के गजराजबांधा तालाब के संरक्षण और संवर्धन के लिए नगर निगम का योजना विभाग प्रस्ताव बनाकर शासन को मंजूरी के लिए भेजेगा। बोरियाखुर्द, डूंडा, कांदुल, सेजबहार, काठाडीह गांव के लोग इस तालाब के पानी से निस्तारी कर अपने खेतों की सिंचाई के काम में



उपयोग करते रहे। पारंपरिक तालाब के पास नाले के माध्यम से आसपास के गांवों में खेतों की सिंचाई होती रही। बाद में रायपुर विकास प्राधिकरण ने कमल विहार योजना के तहत 104 एकड़ खाली जमीन को शामिल हुए 230 एकड़ क्षेत्र में गजराजबांधा तालाब सौंदर्यीकरण के साथ वहां पिकनिक स्पाट विकसित करने की योजना बनाई। इस दौरान 25 से 30 एकड़ क्षेत्र की जमीन पाटकर सड़क बनाने का ग्रामवासियों ने जमकर विरोध किया। योजना में खामियों के चलते प्रोजेक्ट फ्लॉप रहा। अबकी बार स्थानीय ग्रामवासियों के साथ मिलकर वार्ड पार्षद ने गजराजबांधा तालाब संरक्षित करने और उसकी भव्यता निखारने राज्य शासन का ध्यान आकर्षित कराया है।

### गहरीकरण पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण

योजना विभाग के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने बताया, गजराजबांधा तालाब के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट बनाकर काम करने की योजना है। बड़े आकार का तालाब होने से वहां ग्राउंड वाटर रीचार्ज करने सिस्टम लगाया जाएगा। इसके लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। इसमें तालाब की सफाई, गहरीकरण, भूजल स्तर बढ़ाने और तालाब के आसपास पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण किया जाएगा। तालाब सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था सहित प्राकृतिक जलस्रोत को कैसे सहेजा जाए, इस संबंध में भूजल वैज्ञानिकों और केंद्रीय भूजल बोर्ड के अधिकारियों के मार्गदर्शन में निगम आयुक्त के निर्देश पर प्रस्ताव तैयार होगा।

# मंत्र में तारण और मारण दोनों शक्तियां समाहित : शंकराचार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

जगद्गुरु, शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा है कि मंत्र में तारण और मारण दोनों की शक्तियां समाहित हैं। अतः मंत्र का जाप सावधानीपूर्वक शास्त्रोक्त विधि से करना चाहिए। किसी अन्य व्यक्ति के प्रति अपराध हो जाने से अपराधबोध से मुक्ति कैसे मिलती है? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में ईश्वर रहते हैं, अतः ईश्वर के समक्ष अपनी गलती के लिए क्षमा प्रार्थना करनी चाहिए। सनातन वर्णाश्रम व्यवस्था का शास्त्रीय विधि से पालन करने पर समाज की अधिकांश विकृतियों का समाधान हो सकेगा।रावांभाठा के सुदर्शन संस्थानम में आयोजित संगोष्ठी में जगद्गुरु शंकराचार्य ने इस आशय के उद्गार व्यक्त किए। पुरी पीठ और गोवर्धनमठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती रविवार को पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस से रायपुर पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर शिष्यों एवं श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद जगद्गुरु सड़क मार्ग से सुदर्शन संस्थानम शंकराचार्य आश्रम के लिए प्रस्थान किए। यहां प्रथम सत्र में शिष्यों एवं श्रद्धालुओं को पुरी शंकराचार्य महराज के दर्शनलाभ का अवसर मिला। द्वितीय सत्र में उन्होंने पीठ परिषद, आदित्यवाहिनी-आनंदवाहिनी की सांगठनिक बैठक में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को संगठन के उद्देश्यों के अलावा चयन, प्रशिक्षण और नियोजन तथा हिंदू राष्ट्र निर्माण में उनके दायित्व विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

पेज 11 के शेष...

### युवकों ने कुत्तों के...

हिरण को सुरक्षित जंगल मे छोड़ा गया। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के रिसगांव परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 165 में सोमवार सुबह 6 बजे के आसपास आवारा कुत्तों के झुंड ने हिरण को जंगल की तरफ से दौड़ाते गांव की सीमा तक लाया। गांव के कुछ युवकों की नजर इस पर पड़ी तो युवकों ने कुत्तों के झुंड से हिरण की जान बचाया और उसे वन विभाग को सुपुर्द कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा। इस मौके पर वन विभाग के महेन्द्र सिंह चौहान, दुर्गेश साहू, रूस्तम मरकाम, महेन्द्र अग्रवाणी, चेतन यादव, सुरेश अग्रवाणी सहित ग्रामीण जन मौजूद थे।

### आलू 25 और...

है। ऐसे में विक्रेता पूरी कीमत निकालने के लिए उन्हें महंगे दाम में बेच रहे हैं। एक ओर जहां सबसे अधिक खपत वाले आलू के दाम में इजाफा हुआ है। सामान्य आलू 20 रूपए प्रति किलो से बढ़कर 25 रूपए, और पहाड़ी आलू 30 रूपए किलो तक पहुंच गए है। वहीं गर्मी की सस्ती सब्जी माने जाने वाली तोरई, भिंडी, करेला, शिमला मिर्च, आदि 40 से 50 रूपए किलो बिक रहा है। इन दिनों 10 रूपए में इससे कम दाम पर बिकने वाले टमाटर 40 रूपए किलो तक पहुंच गया है। हर सब्जी में जायका बढ़ाने वाला हरा धनिया भी अपना तेवर दिखा राह है। सब्जी विक्रेता लक्ष्मी पटेल ने बताया कि सामान्य दिनों के मुकाबले वर्तमान में सब्जियों की आवक कम है। थोक में ही महंगी मिल रही है। इसके अलावा सड़ने पर भी नुकसान होता है।

### चिरौंजी गुठली के...

संपर्क कर चिरौंजी गुठली की उपलब्धता एवं बाजार दर का सर्वेक्षण कराया गया। सर्वे में पाया गया कि शासन द्वारा निर्धारित दर एवं बाजार दर में काफी अंतर होने के कारण वनमंडलाधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित रायपुर को उक्त वनोपज के संग्रहण दर में वृद्धि हेतु लेख किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ रायपुर द्वारा संग्राहकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उक्त वनोपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करते हुए ग्रेड-1 का दर 350 रुपये प्रति किग्रा, ग्रेड-2 का दर 270 रुपये प्रति किग्रा तथा ग्रेड-3 का दर 190 रूपये प्रति किग्रा निर्धारित किया गया है। वर्तमान में चिरौंजी गुठली के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि होने से संग्राहकों में काफी उत्साह एवं खुशी का माहौल है। संग्राहकों द्वारा मानक अनुरूप चिरौंजी गुठली प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से शासन को विक्रय कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त होगा। वनमंडलाधिकारी द्वारा संग्राहकों से अपील की गई है कि चिरौंजी गुठली न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर पर बिचौलियों को विक्रय न करें और शासन की योजनाओं का लाभ उठायें।

### हनुमान प्राकटयोत्सव...

इस आयोजन को भरपूर सफल बनाने में लगे हुए है। मंदिर प्रांगण को तोरण पताका,झालर लाइट,गुब्बारे से सजाया जा रहा है। प्रातः सात बजे हनुमानजी का विशेष पूजा अर्चना पंडित संतोष मिश्रा के मंत्रोच्चारण के बीच होगा। पूजा में मनहरण-तारणी शर्मा बैठेंगे। हनुमानजी को दूध दही घी पंचामृत से स्नान कराकर,नए वस्त्र एवम झंडी अर्पित की जावेगी,फिर भोग लगाया जावेगा। साथ ही हनुमान का विशेष श्रृंगार सूखे मेवे बादाम,काजू,अंजीर,खुरमानी से होगा जो आकर्षक का केंद्र रहेगा। 8 बजे से संगीतमय सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा का पाठ होगा।इसके बाद दोपहर 11,30 से भोजन प्रसादी प्रारम्भ होगी। खास बात यह है कि हजारों भक्तों को बैठाकर बड़े प्रेम से भोजन कराया जाएगा। राजिम शहर के प्राचीन श्रीरामचंद्र के मंदिर में सुबह 9 बजे पं विजय शर्मा के मंत्रोच्चारण के बीच पूजा आरती का कार्यक्रम होगा।इसी तरह बजरंग अखाड़ा में पं नवीन दुबे के मंत्रोच्चारण के बीच हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना की जाएगी।

### प्रशासन ने बाल विवाह...

निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती दीपा शाह के मार्गदर्शन व जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के नेतृत्व में उक्त गांव में बाल संरक्षण से एलसीपीओ शरदचंद निषाद चाईल्ड लाईन गरियाबंद से समन्वयक श्री तुलेश्वर साहू, परामर्शदाता निशा नेताम द्वारा बाल विवाह होने वाले स्थान में पहुंच कर विवाह होने वाली बालिका का आयु संबंधी दस्तावेज परीक्षण किया गया। जिसमें बालिका की आयु 18 वर्ष से कम होना पाया गया। इस पर ग्रामीणवासियों एवं परिवार के लोगों को बाल विवाह न करने की समझाईश दी गई।

# लोकसभा चुनाव में युवा बनेंगे सत्ता के भाग्य विधाता, विकास के लिए करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रदेश में प्रथम चरण की वोटिंग प्रकिया पूर्ण हो चुकी है। युवा वरिष्ठ और बुजुर्ग मतदाताओं ने चुनाव मे उत्साह पूर्वक भाग लिया। इसके बाद द्वितीय चरण के मतदान 26 अप्रैल को होना है महासमुंद लोकसभा चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दल युवा मतदाताओं को साधने मे लगे हुए है भाजपा कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक पार्टियां महिलाओं और युवा मतदाताओं को ज्यादा आकर्षित कर रहे है चुनाव मे देखने को मिल रहा है युवा मतदाता और महिलाओं को रिझाने सभी राजनीतिक पार्टी अपने अपने वायदे किये जा रहे है। वहीं गरियाबंद जिले मे महिला और युवा मतदाताओं की संख्या अधिक बतायी जा रही है युवाओं को रिझाने मे लगे छत्तीसगढ़ मे सत्तारूढ़ भाजपा सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हर महिने एक हजार रूपए आर्थिक राशि दी जा रही है इसके अलावा कांग्रेस पार्टी द्वारा महिला मतदाताओं को रिझाने महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के तहत सरकार बनने पर सालाना एक लाख रूपये देने की बात कही जा रही तो बेरोजगार युवको को रोजगार देने के वायदे किये जा रहे है। चुनाव से पहले युवा वोटर चुनाव प्रकिया में अपनी भागीदारी निभा रहे है स्कूल कॉलेजों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है जिसमें बड़ी संख्या में युवा हिस्सा लेकर मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित कर रहे है। आगामी लोकसभा चुनाव में लाखो की संख्या में युवाओं की भागीदारी लोकसभा चुनाव में भाग्य विधाता की भूमिका में होंगें। यह भी सच है कि युवा जिनके साथ होते है, सरकार भी उन्ही के साथ होती है। सियासी दल बखूबी जानते है, इसलिए युवाओं को लुभाने के लिए हर जतन कर रहे है। युवाओं ने भी अपने बहुमुल्य मतदान के महत्व को समझते हुए ठान लिया है कि देश के विकास के लिए योग्य सरकार का चयन करने में अपना योगदान देंगें।

खास खबर

## सभी राजनीतिक पार्टियों की नजर युवा मतदाताओं पर, युवाओं ने दी अपनी प्रतिकृयाएं

### युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना जरूरी : नंदकिशोर



बेरोजगार और शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार का सृजन करें। क्योंकि देश की रीढ़ युवा है और युवा मजबूत होंगे तो निश्चित रूप से देश मजबूत होगा। नंदकिशोर ने कहा की सरकार किसी की भी बने युवाओं को स्वावलंबन की दिशा मे बढ़ाने के लिये कुटिर घरेलू उद्योग को बढावा दिया जाना चाहिए और ऐसे प्रतिनिधि की आवश्यकता है जो निजी स्वार्थ को त्याग कर देश हीत और सामान्य जनता की आवश्यकता को ध्यान मे रखकर कार्य करे एक मजबूत सरकार बनाना देश के हित में होता है।

### मतदान सोच समझ कर करें : दुलेन्द्र



युवा मतदाता दुलेन्द्र नेगी ने कहा आज पूरा देश आमजनता के साथ साथ किसान जिनके उपर पूरा देश निर्भर है जो महंगाई से परेशान महंगाई कम किया जाना जरूरी है साथ ही बेरोजगारी को दूर करने का प्रयास करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए तब तक विकास की गाथा सफल माना नहीं जायेगा, जब तक गांव के युवा आर्थिक रूप से स्वावलंबी न हो जाए।

### सभी वर्गो के लिए हो योजना : लिबास

युवा मतदाता लिबास पटेल का कहना है



सभी वर्गो को ध्यान मे रखकर ही योजना बनायी जानी चाहिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर में सुधार होना चाहिए और कॉलेज के साथ अध्यापक व दूरस्थ वनांचलों में छात्रवास शिक्षक के साथ ही स्कूल कॉलेजो में खेल शिक्षक की आवश्यकता को पूरा किया जाना चाहिए।

### हर एक मत का महत्व होता है : युमेन्द्र

युवा मतदाता लिबास पटेल ने कहा



लोकतंत्र में हर एक मत का महत्व होता है। जिससे एक सुदृढ़ और मजबूत लोकतंत्र की स्थापना होती है हम सबको लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए ऐसे जनप्रतिनिधि का चुनाव किया जाना चाहिए जो जनता के हित के लिए कार्य करें।

### आन बान और शान से सरकार बने मतदान से : जीतू



युवा मतदाता जीतू सचदेव ने कहा भारत एक लोकतांत्रिक देश है देश के आजादी के लिए हजारो लाखो स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना बलिदान दिया है यह उन्ही महान विभूतियों का प्रतिसाद है कि आज हम एक स्वतंत्र वातावरण में जीवन जी रहे है देश की सरकार का चुनाव कर सकते है मताधिकार चुनाव प्रक्रिया का अहम प्रक्रिया है जो सरकार को जिम्मेदारी का अहसास कराती है चूंकि भारत को युवाओं का देश कहा जाता है।

## खबर संक्षेप



### स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक कर बताया मतदान का महत्व

**नवापारा-राजिम।** फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान गोबरा बस्ती, ग्राम कुर्रा, पिपरौद डोंगीतराई हंसदा न. 2 में चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के महत्व को बताया गया। डॉक्टर आरके रजक एवं स्वयंसेवकों ने स्वच्छ मतदान के लिए विवाह मंडप में जाकर दुल्हन सहित मेहमानों को शपथ दिलाया। कार्यक्रम में विकास साहू तोरण साहू, धनेंद्र साहू, मितेश, दीपेश, टामेश्वर, भोपेश अभिषेक, राहुल, रिया, ललिता, क्षमा, साक्षी, मोनिका, डाली सहित 32 स्वयंसेवक मौजूद थे।

### शिशुपाल पर्वत पर अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय पर आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले के सरायपाली क्षेत्र के थाना बलौदा अंतर्गत आने वाले ग्राम गेर्रा के शिशुपाल पर्वत से लगे पहाड़ी में आबकारी टीम सरायपाली द्वारा सोमवार को अवैध हाथभट्ठी महुआ शराब निर्माण पर कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पहाड़ी के उपर हाथभट्ठी में अलग-अलग स्थान में रखी 27 प्लास्टिक बोरियों में कुल 945 किलोग्राम महुआ लाहन कीमत 47250 रुपए एवं एक प्लास्टिक बोरी में पॉलीथिन में बंधा हुआ 20 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए कुल बाजार मूल्य 51250 रुपए को विधिवत कब्जे में लिया गया तथा महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। उक्त लावारिस सामग्री के स्वामित्व के संबंध में जानकारी न मिल पाने के चलते अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण कायम किया गया। कार्रवाई आबकारी वृत्त सरायपाली के प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक शिवशंकर के नेतृत्व में की गई। जिसमें आबकारी स्टाफ सरायपाली उपस्थित रहे।

### ओवरब्रिज के लिए स्वीकृत राशि से अधिक मुआवजा, फिर से भेजा गया प्रस्ताव

**समस्या : अधिकारी चुनाव ड्यूटी में व्यस्त, ठेकेदारों की लापरवाही से ग्रामीण परेशान**

# नल जल योजना के पाइप जगह-जगह फूटे, छुरा में पेयजल के लिए हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जल जीवन मिशन के तहत तत्कालीन सरकार के तत्कालीन अधिकारी द्वारा आनन में पाइपलाइन विस्तार का ठेका दिया गया और ठेकेदारों द्वारा उड़ीसा सहित विभिन्न राज्यों से आकर बिना नियम मापदंड के गांव में पाइप लाइन डाला गया जिसका परिणाम अब देखने को मिल रहा है कि जैसे ही टंकी से पानी प्रारंभ करने का प्रयास किया जा रहा है नलों में पानी नहीं आ रहा है और जगह-जगह पर पाइप टूट रहा है। इससे पता चलता है की निरंकुश ठेकेदार द्वारा बिना मापदंड के पाइप डाल गया है और इन सब का परिणाम आज ग्रामीण भुगत रहे हैं और इस भीषण गर्मी में उन्हें पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। इस संबंध में अधिकारी से बात करने पर उन्होंने चुनाव ड्यूटी की बात कर अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं, क्षेत्र में लगभग यही हाल है अधिकांश गांव में ठेकेदार अपने फायदा के लिए पाइपलाइन डाल दिया गया। ना ही गलियों का मरम्मत किया और न हीं अब तक टंकी का निर्माण नहीं हुआ है। किंतु ठेकेदारों और अधिकारियों की मिली भगत से गांव -गांव में पाइप लाइन तो डाल दिया गया है। कई जगह पर तो अब तक पानी टंकी का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है और जहां प्रारंभ हो रहा है वहां कई प्रकार की समस्याएं आती है। सबसे महत्वपूर्ण बातें हैं कि शासन के मूलभूत सुविधा हेतु जारी राशियों का किस प्रकार से दुरुपयोग हो रहा है और आखिर इन ठेकेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई होगी आने वाला समय बताएगा।



### हैंडपंप में भी कम मात्रा में आ रहा पानी



ग्राम डांगन बाय ग्राम पंचायत हरदी में पीने की पानी की समस्या हो रही है। जल जीवन मिशन द्वारा बनाया गया पानी टंकी, पाइप विस्तार, घर-घर नल कनेक्शन बनाया गया है। साथ ही साथ ही बोर खनन भी किया गया है। जिसमें पानी है लेकिन चालू नहीं कर रहे हैं। जिससे घर- घर तक पानी नहीं मिलने से समस्या आ रही है। स्कूल मोहल्ले पारा में एक हैंड पंप में थोड़ा पानी ही निकल रहा है, उसी में महिलाएं घंटों कड़ी धूप में लाइन लगकर एक बाल्टी पानी बड़ी मुश्किल से मिल रही है। विगत दिनों गांव में क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू का दौरा हुआ था उसे भी पानी की समस्या के बारे में ग्रामीणों ने बताया था साथ ही साथ जनपद पंचायत सीईओ को भी अवगत कराया गया था लेकिन ठेकेदार द्वारा चालू नहीं किया गया है ना ढंग से व्यवस्थित किया है, शादी का सीजन है पानी की अधिक आवश्यकता पड़ता है साथ ही साथ भी भीषण गर्मी भी पड़ रहा है। इन समस्या को देखते हुए शीघ्र जल जीवन मिशन योजना के द्वारा लगाया गया नल जल कनेक्शन को चालू किया जाए। प्रमुख रूप से जेठूराम, सियाराम निषाद, नंदू कुमार, महेश विश्वकर्मा, मोहन, कन्हैया यादव ,जयराम साहू, बालेश्वर, यशवंत, रमन, खिलावन, पुरुषोत्तमन, माधव साहू, शंकर, संजय साहू, कीर्तन, समाजसेवी शीतल ध्रुव ग्रामीण कलेक्टर महोदय से शीघ्र पानी की समस्या का निदान मांग की है।

# पीएम मोदी ने देश के विकास के लिए जो कार्य किया, वह एक मिसाल है : चौधरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

महासमुंद भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी सोमवार देर शाम मैनपुर पहुंची। इस दौरान 2 किमी दूर गौरघाट से मोटर सायकिल रैली निकालकर उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया। मैनपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास के लिए जो कार्य किया है वह एक मिशाल है। यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। महिल सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं केंद्र सरकार ने लाएं हैं, जिससे प्रत्येक महिलाओं को लाभ मिल रहा है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा देश की जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर काफी उत्साहित है छत्तीसगढ़ में सभी 11 सीट भाजपा जीत रही है केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं लोगों के जीवन स्तर में बदलाव लेकर आई है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, महामंत्री दिलीप साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पारस ठाकुर, नंदिनी नेताम, सरिता ठाकुर, तुलसी राठौर, रामस्वरूप साहू, मनोहर बघेल, बाबूलाल साहू, महेश कश्यप, चैनुराम नागेश, बब्बी सचदेव, राकेश दुबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विज्ञान क्लब के विद्यार्थियों ने प्लास्टिक बॉटल के सार्थक उपयोग की दी जानकारी



**राजिम।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद विज्ञान क्लब के विद्यार्थियों द्वारा प्लास्टिक व अनुपयोगी सामाग्रियों का रियुज कर 50 से अधिक बर्ड फीडर का निर्माण सह वितरण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। पृथ्वी सिर्फ मानव ही नहीं, बल्कि करोड़ों जीव जंतुओं और वनस्पतियों का भी आवास है, लेकिन अपनी बेलगाम आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मनुष्य निरंतर पृथ्वी को कई तरह से नुकसान पहुँचा रहा। लोगों को पृथ्वी और प्रकृति के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ही 1970 से प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को पर्यावरण संरक्षण के समर्थन में 192 से अधिक देशों में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इसे इंटनेशनल मदर अर्थ डे के नाम से भी जाना जाता है। इसी तारतम्य में नगर के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में गठित प्रयागराज विज्ञान क्लब द्वारा पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संकट और निवारण उद्देश्यपरक पोस्टर निर्माण एवं वर्तमान वर्ष की थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक की तर्ज पर प्लास्टिक सामाग्रियों के न्यूनतम उपयोग, पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण? के प्रति जागरूकता फैलाने के मकसद से प्लास्टिक बॉटल व अनुपयोगी सामाग्रियों द्वारा बर्ड फीडर अर्थात पक्षियों के दाना पानी की व्यवस्था का उपकरण बनाकर बाँटा गया। विज्ञान क्लब प्रभारी समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए वर्ष भर विज्ञान और पर्यावरण संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में छात्रों द्वारा विद्यालय भवन में चिड़ियों के दाना पानी की व्यवस्था की जाती रही है। पोस्टर व बर्ड फीडर निर्माण में मुख्य रूप से छात्र रूद्र पटेल, मोनिका देवांगन ,माही सोनी, भूमिका सोनकर ,लक्ष्मी वर्मा, लक्ष्मण पटेल , हितेश्वरी, देवप्रिया साहू, उमा वर्मा, तेजेश सोनकर, शिवम साहू, सावन सोनी , पंकज सोनकर, ऋषभ सेन की सक्रिय भूमिका रही। विज्ञान क्लब प्रभारी व सदस्य छात्रों द्वारा पर्यावरण जागरूकता की इस अनोखी पहल पर विद्यालय के प्राचार्य संजय एक्का, प्रधानपाठक अजयगिरी गोस्वामी, वरिष्ठ व्याख्याता बीएल ध्रुव, एमके चंदन, एमएल सेन, आरके यादव, सागर शर्मा एनसीसी अधिकारी, संतोष सूर्यवंशी एवं नगर पंचायत कर्मचारियो, बीएलओ सदस्यों ने भूरि भूरि प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया।

### अनिमेष आत्महत्या मामले में एक गिरफ्तार बाकी की तलाश जारी

**महासमुंद।** शहर के महावीर कॉलोनी निवासी युवा इंजीनियर के आत्महत्या मामले में एक माह से अधिक समय के बाद सोमवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इंजीनियर के सुसाइड नोट में दर्ज अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जेल भेजे गए आरोपी का नाम शशांक उर्फ राजा जैन बीटीआई रोड निवासी होने की जानकारी पुलिस ने दी है। जांच में पूरा मामला रकम लेनदेन और ब्याज से जुड़े होने की बात सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार 11 मार्च को शहर के महावीर पार्क निवासी इंजीनियर अनिमेश रघुवंशी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में मृतक का फोन और सुसाईड नोट जब्त कर मामले की जांच की। सुसाईड नोट में शहर के नामचीन लोगों से काफी अधिक ब्याज दर पर पैसे उधार पर लेने और ब्याज देने को लेकर उनके दबाव की जानकारी प्राप्त हुई।

# मतदान केंद्रों में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट लगवाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में विशेष तौर पर व्यवस्था करने की जरूरत है, इसके लिए प्रयास करें। मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं। मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए सभी को टीमवर्क के साथ काम करने के लिए आदेशित किया गया है।

**शोक-संदेश**



**स्व. श्री पूरण लाल निषाद**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा हैं कि मेरे पति श्री पूरण लाल निषाद का निधन दिनांक 14.04.2024, दिन रविवार को हो गया हैं । जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार हैं। अतः आप सहपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें....

**कार्यक्रम**
दशगात्र कार्यक्रम - दिनांक 23.04.2024, मंगलवार
स्थान - ग्राम रॉवड़ (राजिम ), तालाब कार्यक्रम- दोपहर 12 बजे...

**:: शोकाकुल परिवार ::**
राजकुमार, डूवन, सरजू, रामा, रामप्रसाद, दयालू निषाद, रामू, रामलाल, श्यामलाल, प्यारी, ठागू, गोविंद, मयाराम, प्रकाश, बबला, सूखेलाल, एवं समस्त विनायक परिवार।

**:: विनीत ::**
श्रीमती कुमारी बाई निषाद (पत्नि)
गमन निषाद (पुत्र), खिलेश निषाद (पुत्र)
थामेश निषाद (पुत्र)
क्रिसलय निषाद (नाती)

नोट- जिस किसी भी सज्जनों को शोक-पत्र नहीं मिला हो, कृपया इसे ही शोक संदेश समझे।

**मोदी ने देश हित के लिए अनेकों योजनाओं को अंजाम दिया : साहू**

# भाजपा जो कहती है उस पर जनता करती है विश्वासः नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



चुनाव का समय है हर राजनैतिक पार्टी जनता के बीच पहुंच रही है और अपनी बात रखकर जनता के उनका विश्वास अर्जित करना चाहता है। विश्वास अर्जित करना दो प्रकार से होता है एक हवा हवाई मे बात करता है तो दूसरा मुददे की बात करता हैं। भाजपा जो कहती है उस जनता करती है विश्वास। मै मुद्दे की बात कहना चाहूंता हूं। अनुसूचित जाति एवं जनजाति को लेकर कांग्रेस के लोगों ने केवल तुष्टिकरण की नीति अपनाई है। भय, भूख, भ्रष्टाचार की सरकार चलाकर आज वे बेकपुट में है लोगों का उन पर विश्वास कम हुआ है। वहीं पर जब से केन्द्र में मोदी की सरकार बनी है तब से गांव गरीब सर्वहारा वर्ग के लिए योजनाएं बनाई गई। जिसमे महिलाओं को भी सम्मान मिला है। उक्त बाते आरंग के पूर्व विधायक एवं अनुसूचित जाति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कडेय ने सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले जब संविधान सभा का गठन हुआ तब गठन मे ड्राफटिंग याने लेखन का काम डॉ.भीमराव अंबेडकर को दिया गया। ड्राफटिंग के काम के लिए लोकसभा का चुनाव लड़ना रहता था।

कार्यक्रम को विधायक रोहित साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने देश हित के लिए अपने कार्यकाल मे अनेकों योजनाओं का अंजाम दिया है जिसका लाभ जनता को मिल रहा है। लोकसभा मे आप सभी को महासमुंद लोकसभा के प्रत्यासी रूपकुमारी चौधरी को कमल छाप मे बटन दबाकर भारी मतो से विजयी बनाना है। वहीं अशोक सोनी, किसन, कमला मार्कंडेय, पूजा मार्कडेय ने भाजपा प्रवेश किया।

कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, मुन्ना कुर्रे आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सोनवानी, महामंत्री कोमल ढीढी, भाजपा के वरिष्ट नेता भागवत हरित, अशोक राजपूत, रामूराम साहू, अशोक साहू, गोपचंद बनर्जी, मनीश हरित, नरेश लहरे, प्रेमलाल टोडर, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, रामाधार साहू, नहरू साहू, किशोर साहू, राकेश सिन्हा, पन्नालाल बंजारे, संतोशी श्रीवास्तव, पदमा यदु, ज्योति राजपूत, किरण सोनी, उमा तांडेकर, भुनेश्वरी साहू, अनिता शर्मा, प्रीति शर्मा, सीता निशाद, लक्ष्मी श्रीवास्तव, गंगा ध्रुव आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने शिक्षक खोमन को किया सम्मानित

**छुईहा बेलर।** स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी अनेक गतिविधियों के लिए कलेक्टर गरियाबंद सह जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल ने प्राथमिक पाठशाला सिर्रीखुर्द शिक्षक को 20 अप्रेल को प्रशस्ति पत्र एंव उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं जिला पंचायत गरियाबंद सीईओ रीता यादव ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता जागरुकता संबंधी पोस्टर, रंगोली, पेंटिंग, एलबम, रैली सांस्कृतिक प्रस्तुति, नवाचार मतदान एवं ईवीएम को सरलता से प्रदर्शित करने वाला डायग्राम पर आधारित जागरूकता पर उत्कृष्ट प्रचार प्रसार में सहभागिता सुनिश्चितता निभाने वाले को सम्मानित किया गया। इसी में प्राथमिक विद्यालय सिर्रीखुर्द के शिक्षक खोमन सिन्हा ने महेशा की तरह इस बार भी प्रशासन की निर्देश को बखुबी अंजाम दिया है। उन्होंने गांव में रैली में कलशयात्रा निकाली, आकर्षक दीपोत्सव से प्रेरित किया,वाल पेंटिंग से आम लोगों को मतदान करने जागरूक किया गया। फलस्वरूप जिला कलेक्टर गरियाबंद ने सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षक खोमन सिन्हा ने पुरस्कृत होने पर खुशी जाहिर की और लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को मतदान करने की अपील कर सभी को फर्ज निभाने कहा है।

## निधन

### भादू राम

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम कोरासी निवासी भादू राम गोड़ का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। अंतिम संस्कार में ग्राम के गणमान्य नागरिक व परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे होमसिंग व उवेसिंग गोड़ के पिता थे।



**जागरूकता : प्राथमिक शाला भेंडरी में पानी के संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

# पानी प्राण मात्र के अनमोल और अनिवार्य जिसकी सुरक्षा और संरक्षण जरूरी : भागचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा

माह के तृतीय शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के शिक्षक लालजी सिन्हा द्वारा यूनिसेफ के मदद से सुरक्षित शनिवार के लिए बनाये जलवायु परिवर्तन के न्यूनीकरण के लिए पानी का संरक्षण करने से सम्बंधित वीडियो जिसमे पात्र रमेश और उसके बड़े पापा के द्वारा वार्तालाप कर जल संचयन करने के तरीकों से सम्बंधित वीडियो को दिखाया गया। शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी द्वारा महान संत कबीर के दोहे पानी केरा बूद बुदा अस मानुस के जात के साथ पानी का हमारे जीवन मे बहुत ही महत्व है पानी हमारे जीवन के लिए अनमोल धरोहर है इसके संचयन के लिए हम सबको मिलकर जन जागरूकता अभियान चलाना पड़ेगा। नहीं तो एक एक बूंद पानी के लिए संघर्ष कर पड़ सकता है। आप सभी जानते हो गर्मी के दिनों में पानी की बहुत किल्लत हो जाती है, तालाब, कुँए, नदी सब सुख जाती है। खासकर शहरों में पानी की अधिक किल्लत हो जाती है नल से पानी कम आते है, लोग टैंकर से पानी भरने लंबे कतारों में रहकर पानी भर पाते है कभी -कभी तो विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाता है। हम सबको मिलकर पानी को कैसे बचाये इस पर काम करना चाहिए जैसे ब्रश करते समय नल को खुला नहीं छोड़ना चाहिए। पौधों में पानी पाइप के बजाय बाल्टी मग का इस्तेमाल करना चाहिए। खाना बनाने वक्त जिस पानी का उपयोग सब्जी या दाल धोनें में किया जाता है उसे पेड़- पौधों में डाल देना चाहिए। हमारे घर या स्कूल में टपकते नल की तुरंत मरम्मत कर देनी चाहिए। वर्षा जल के संचयन के लिए सभी घरों, सरकारी भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग कर पानी को बचाने जन जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि जल का जमीनी स्रोत में बढ़ोत्तरी हो सके। कार्यक्रम को वरिष्ठ शिक्षक टीकूराम ध्रुव ने सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को जागरूक करने प्रत्येक शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहा है उनके मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को धन्यवाद व्यक्त कर बच्चों को अच्छा से मन लगाकर पढ़ाई करने प्रेरित किया गया और ग्रीष्म अवकाश में घर पर रहकर आगे कक्षा की पढ़ाई करते रहे साथ ही अधिक गर्मी से स्वास्थ्य खराब हो सकता है इसलिए घर पर ही रहे।



**बच्चों को परोसी गई खीर, पूड़ी व करी लड्डू**

कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक रेखराम निषाद द्वारा अधिक गर्मी से होने वाले रोगों के लक्षण लू, आदि के सम्बंध में बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। ततपश्चात प्रधानमंत्री सुपोषण योजना अंतर्गत ग्राम भेंडरी निवासी पन्ना लाल ध्रुव द्वारा शिक्षकों के पहल पर अपने सुपुत्र बुद्धदेव ध्रुव के शुभविवाह के उपलक्ष्य में बच्चों को अतिरिक्त पोषण के रुप में न्यौता भोजन दिया गया। ध्रुव परिवार द्वारा बच्चों को अतिरिक्त पोषण के रूप में खीर, पुड़ी, करी लड्डू, परोसा गया। मध्यान्ह भोजन में चावल, दाल, कद्दू की सब्जी, अचार संचालन कर्ता समूह द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी, शिक्षक लालजी सिन्हा, रेखराम निषाद, टीकूराम ध्रुव, प्रदीप कुमार साहू, सरपंच मोहनलाल साहू बाल केबिनेट के सदस्य, रणवीर, साहू, चंचल, हर्षिता, लक्ष्मी साहू, लुप्ताजंली गोस्वामी, दिव्या साहू, युस्मिति, ध्रुव, युवराज साहू, रसोईया भगवती साहू, गोदावरी साहू, पंचों बाई साहू सहित 54 बच्चे उपस्थित रहे।

### इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी : ध्रुव

**छुरा।** देश मे चल रही लोकतंत्र की महापर्व लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार में विकासखंड छुरा क्षेत्र पहुंचे क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव ने प्रेस वार्ता में बताया की केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही से हर केंद्रीय योजना फेल हो चुकी है। उज्ज्वला योजनान्तर्गत सभी परिवार को बहुत ही कम दामों में गैस मिलना था जो नही मिल रहा है। लोग फिर से महंगाई के शिकार हो रहे हैं। इसका कारण बेदम महगाई का बढ़ना है। आज एक सैलेण्डर 1100 रुपय में मिल रहा है। वहीं केंद्र के नल जल योजना मिशन में भी गांव-गली-मोहल्ले की स्वच्छ सीसी रोड़ को तोड़ कर नल पाईप लाईन विछा कर ठेकेदार द्वारा अधुरा छोड़ दिया गया है। जिसके कारण आम ग्रामीण जन काफी परेशान है। इस तरह केंद्र के भाजपा सरकार की सभी योजना फेल है। वहीं कांग्रेस पार्टी की सभी योजनाओं को लोग पसंद करते दिख रहे हैं जिसमें धान का समर्थन मूल्य बढ़ाना, कर्ज माफ करना, सभी वर्गो के लोगों को सम्मान जनक महत्व देना। वहीं अब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सभी गरीब परिवार के एक महिला के खाते में 8333 रूपये प्रतिमाह देने की गारंटी दी है। वहीं श्रमिक न्याय, यूवा न्याय, किसान न्याय योजना जैसे अनेक योजना लागू करने की गारंटी होने के कारण भरपुर समर्थन, से देश में इंडिया गठबंधन को मिल रहा है। जिसके कारण ही देश में कांग्रेस की गठबंधन का सरकार बनना तय है। वहीं संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को भी तो बचाने के कारण लोग कांग्रेस के इंडिया गठबंधन पार्टी को देश के चुनाव में भरपूर समर्थन दे रहे हैं।



## देश हित में कार्य करने भाजपा की मोदी सरकार दृढ़ संकल्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी ने चरौदा, मोगरा, दादर गांव, कनिसिघी, रसेला, रूवाड, पीपरछेडी, खम्हारीपारा, मैनपुर, धवलपुर आदि गांवों में पहुंच कर ग्रामवासियों से जनसंपर्क कर मतदाताओं से समर्थन मांगा। इसी कड़ी में ग्राम रसेला पहुंचने पर समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने आतिशबाजी करते हुए मुख्य मंच तक लाया गया। तत्पश्चात प्रत्याशी द्वारा हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद मांगा। सभी अतिथियों का कार्यक्रताओं द्वारा पीला चावल से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि मोदी की गारंटी योजना के अनेक लाभो को गिनाया जिसमें मुख्य रूप से धारा 370 का हटना, अयोध्या में रामलाल की स्थापना, महतारी वंदन योजना, आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना, 3100 रूपए धान खरीदी आदि अनेक की गारंटी योजना क्रियान्वित जिसका लाभ आम आदमी को भरपूर मिला है। आने वाले समय में भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार बनते ही अनेक ऐतिहासिक कार्य जनता व देश हित में करने को भाजपा की मोदी सरकार दृढ़संकल्पित है। मोदी सरकार में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस बार महिला प्रत्याशी घोषित कर पूरा सम्मान दिया है। आप लोगों मुझे आशीर्वाद देकर प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा के पक्ष में मतदान करने की निवेदन किया गया। सांसद चुन्नी लाल साहू ने सभा को सम्बोधित किया। तथा मोदी के हाथ को मजबूत करने आने वाले 26 तारीख को रूपकुमारी चौधरी के समर्थन में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, छुरा मंडल अध्यक्ष पीलू राम यादव, जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, धनेश्वर कंवर, संतराम नेताम, रितुराज शाह , श्याम लाल सोरी,परमेश्वर यादव, संतराम ठाकुर, भूपेन्द्र मरकाम, झवर अग्रवाल, कृष्णा गुप्ता, नारायण सिन्हा, लोकराम ध्रुव, रामूसिह नागेश, धनेश्वर ठाकुर, कुलेश साहू, महेश्वर निषाद, नंदकिशोर यादव, सगुन दास, देवेश ठाकुर सहित आसपास के समस्त भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।



■ 400 पार का नारा लेकर रूपकुमारी पहुंची रसेला

### ब्रज योग में मनेगा हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद इस वर्ष इस जयंती की खुशी दोगुनी हो गई है। वन विभाग परिसर में स्थित दक्षिण मुखी मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में इस बार भक्तों ने झालर लाइटिंग, फूलों की माला से भव्य सजावट किया गया है। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर तड़के 4 बजे से कपाट भक्तों लिए खोल दिए जाएंगे।

इस दौरान सुबह भगवान को पंचामृत से अभिषेक के पश्चात सिंदूर लेप और भगवा रंग के चमचमाती पोशाक, फूलों की माला एवं आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा। उसके बाद विधि विधान से पूजन हवन संपन्न किए जाएंगे। भगवान के समक्ष 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया जाएगा। जिसमें कई प्रकार के व्यंजनों को शामिल किया गया है। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर महाआरती के पश्चात सबसे पहले ब्राह्मण भोज कर सभी श्रद्धालुओं को महाभंडारे का भोग वितरित किया जाएगा। जहां भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी किया गया है ।

## जनता की भलाई के लिए सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही करती है अच्छा काम : संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

लोकसभा चुनाव के मतदान की तिथि जैसे -जैसे नजदीक आ रही है, सभी राजनीतिक पार्टी चुनाव प्रचार तेज कर दिये हैं। चुनाव प्रचार के लिहाज से सोमवार को मैनपुर सप्ताहिक बाजार में सुबह से देर शाम तक चारो तरफ सिर्फ चुनावी नारे गूंज रहे थे। ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर द्वारा सोमवार को दोपहर 3 बजे मैनपुर में रैली निकालकर पूरे मैनपुर नगर, पारा मोहल्ला और पूरे सप्ताहिक बाजार का भ्रमण किया गया और मतदाताओ से हाथ जोड़ जोड़कर कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। साथ ही कांग्रेस के घोषणा पात्र पाम्प्लेट का भी वितरण किया। इस दौरान मैनपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा देश में कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो गांव गरीब आदिवासी, किसान सभी वर्गो के विकास और उत्थान के लिए कार्य करती है। उन्होने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में ऐसी सरकार का चुनाव करे जो जनता की भलाई के लिए कार्य करे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार द्वारा जनता के हित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को भाजपा की सरकार बनते ही बंद कर दिया गया जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है क्षेत्र में बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या बढ़ गई है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि हेमसिंह नेगी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, कांग्रेस महामंत्री गेन्दु यादव, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष खेदु नेगी, टीकम कपिल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, शाहिद मेमन, तनवीर राजपूत, अशोक दुबे, गुंजेश कपील, गयचंद कोमर्रा, खेलन साहू, रामसिंह नागेश, खेलन ध्रुवा, गज्जु नेगी, पिले"वर सोरी, भानु सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।



## डोर टू डोर संपर्क कर मतदान करने लोगों किया प्रोत्साहित




**छुरा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप एक्टिविटी अंतर्गत नगर पंचायत छुरा अंतर्गत कम मतदान वाले क्षेत्र में डोर टू डोर जाकर संपर्क करके मतदान करने के लिए वार्डवासियों को प्रोत्साहित किया गया। पूर्व वर्षों में हुवे चुनाओ में जहां मतदान का प्रतिशत कम था एवं मतदाता जागरूक नहीं थे उन चिन्हाकित क्षेत्र में यह कार्यक्रम चलाया गया। लाल सिंग मरकाम मुख्य नगरपालिका अधिकारी के द्वारा दिनांक 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक संबंधित मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। संपर्क रैली में वीरेंद्र सिंह, जितेंद्र पाटकर, नरेश ध्रुव, कृष्णकुमार वैष्णव, धनेश्वर नाग, नमेश साहू, कमलेश्वर सिन्हा, मनोज दुबे, मिथलेश सिन्हा, मेघराज स्वसहायता समूह के महिला सदस्य प्यारी बाई संगीता यादव एवं साथीगण के द्वारा घर -घर जाकर संपर्क किया गया।

## कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदान के लिए कर रहे अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

भाजपा मंडल फिगेंश्वर ने सभी पदाधिकारियों को आज ही अपने-अपने गृह बूथों पर जाने के निर्देश दिए गए हैं। पोलिंग एजेंटों सहित समस्त समर्थकों को गृह गांव में डटे रहने के निर्देश प्राप्त हो गए हैं। आसन्न महासमुंद लोकसभा चुनाव थमने में महज तीन दिन शेष रह गए हैं। 26 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के समर्थक में भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि साहू परसदाकला के नेतृत्व में ग्राम खैरझिटी, गुंडरदेही, बनगांव, तर्जुगा, चैत्रा, सेंदर, परसठ्ठी, बारूला, देवगाव पहूंचकर बुथ प्रबंधन के युवा कार्यकर्ता की बैठक ले कर मोर्चा संभाल रहे हैं। और भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में घर-घर जाकर मतदाताओं से मतदान की अपील करने में जुट जाने कहां गया है। पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ पर घर- घर जाकर भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने की जिम्मेदारी दी गई है। रवि साहू ने कहा भाजपा युवा मोर्चा एवं क्षेत्र के युवा साथियों के साथ युवा चौपाल के माध्यम से सेंदर में आत्मीय संवाद कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपील कर रहे हैं।इनमें उनके लिए मतदाता सूची और मतदाता पर्चियां मुहैया कराई गई हैं। चुनाव में बूथ प्रबंधन में जुटी भाजपा ने अपने सभी एजेंटों को विशेष सावधानी और सतर्क रहने कहा गया है। इस मौके पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष गोलू नोष साहू, मंत्री गगन बघेल, हुपेश साहू ,टीकम देवांगन, कामेश्वरी साहू, मन्नू निषाद, कमलेश देवांगन उपस्थित थे।



**भाजपा समर्थक बूथ का मोर्चा संभालें**

### जिले के 6 लाख मतदाताओं के मोबाइल पर एसएमएस भेजकर मतदान करने की अपील

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश और स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा विशेष पहल करते हुए गत दिवस जिला प्रशासन द्वारा जिले के 6 लाख 5 हजार लोगों के मोबाईल नम्बर पर बल्क मैसेज के माध्यम से 26 अप्रैल को वोट अवश्य करने की अपील की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में अनोखी पहल करते हुए लोगों को विशेष प्रकार से मतदान के बारे में जानकारी देने और उन्हें मतदान के लिए अपील करने हेतु नागरिकों के मोबाइल नंबर पर टेक्स्ट मैसेज एक साथ भेजा गया। जिसमें 26 अप्रैल को अपने संबंधित मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने की अपील की गई। बल्क मैसेज अनोखा माध्यम मतदाता जागरूकता का अनोखा माध्यम बना जिसके तहत मोबाइल धारक को तुरंत सूचना प्राप्त हो गई।

**पीएम मोदी की गारंटी के नाम पर वोट देने की अपील की**

## मुख्यमंत्री साय के कार्य से प्रदेश के किसान, युवा व महिलाएं हुईं समृद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो में मोदी की गारंटी के नाम पर वोट देने की अपील की, उनके साथ सांसद चुन्नीलाल साहू, जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, देवसिर सिंहा सहित महिला मोर्चा के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे। भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी द्वारा सोमवार को ग्राम चरौदा ,मोगरा, दादर गांव सहित विभिन्न गांव का तूफानी जनसंपर्क किया जा रहा है। जिसमें महिलाएं बढ़ चढ़कर उनके कार्यक्रम में भाग लेकर भाजपा के समर्थन में जुट रहें हैं। भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि मोदी की गारंटी ने एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 3 महीने के अंदर जो ऐतिहासिक कार्य किया है जिससे निश्चित रूप से किसान एवं युवा महिला काफी समृद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 11 सीटों में भी जीत दर्ज करेगी, क्योंकि प्रदेश में मोदी की गारंटी चल रहा है और लोगों को विश्वास है और इस पर मतदान करके अपना विश्वास पर मोहर लगाएंगे। महासमुंद के सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि देश के नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री द्वारा देश में एक राष्ट्रीयता को लेकर जो कार्य किया है वह अपने आप में मिसाल है जिसे आज देश में एक राष्ट्रवाद का एक माहौल है साथ ही साथ सनातन धर्म के लिए उज्जैन, काशी विश्वनाथ, विंध्यवासिनी, केदारनाथ सहित धार्मिक स्थान का उद्धार किया जा रहा है जो सनातन धर्म के प्रति उनका प्रेम दर्शाते हैं। साथ-साथ उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए जो उन्होंने कार्य किया है वह उनका महिलाओं के प्रति एक सम्मान दर्शाता है चाहे इलाज का मामला हो, स्वास्थ्य का मामला हो, आवास, जल जीवन सहित प्रत्येक क्षेत्र में वह लगातार कार्य करें। जिसका परिणाम है कि पूरा देश आज उनके साथ खड़ा है, उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इस बार भाजपा गठबंधन 400 से पास अवश्य जाएगा।प्रमुख रूप से इमरान अली, सीताराम सिन्हा, देवेन्द्र शर्मा, बंसीलाल, तेजराम, गणेश, टिकुम, भोजराज, पंच राम, कुशल उपस्थित थे।



